जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय

6643. श्री सत्य प्रकाश मालवीय :
श्री अनन्तराम जायसवाल :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 20 अप्रैल, 1995 के "दैनिक जागरण" में "जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त समाचार के तथ्य क्या हैं और उस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग एवं संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, हां।

(ख) यह समाचार जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्रीय जांच ब्यूरो को, निधियों के गबन के मामले में दोषी कर्मचारियों के अभियोजन हेतु अनुमति न देने के संबंध में है ।

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय ने सूचित किया है कि विश्वविद्यालय ने मामले की जांच की है । निधियों के गबन में दोषी पाए गए व्यक्ति का पहले ही निधन हो चुका है । जांच के आधार पर कार्य में लापरवाही बरतने वाले दोषी अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की गई है । अत: विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने उन व्यक्तियों के अभियोजन हेतू केन्द्रीय जांच ब्यूरो को अनुमति देना उचित नहीं समझा जिन्हें केवल लापरवाही के लिए विश्वविद्यालय पहले ही दण्ड दे चुका है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Availability of Limestone in Arunachal Pradesh

6644. SHRI NYODEK YONGGAM: Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether Government of Arunachal Pradesh have approached the centre to cooperate in exploiting the abundantly available supplies of limestone in the district of Lohit, Dibang Valley and West Siang of Arunachal Pradesh; and

(b) if so, whether Government propose to invite some private parties to start cement units on the site in the State?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) and (b) Informaion is being collected and will be laid on the Table of the House.

उत्तर प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र में खनन कार्य

6645. श्री संत प्रिय गौतम : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में खनन कार्य हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान जनजातीय क्षेत्रों में पट्टे पर दी गई खानों का ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार ने वन भूमि में खनिज भंडारों के दोहन हेतु कोई योजना बनाई है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या इस योजना के अंतर्गत जनजाति के लोगों को इन खनिज भंडारों के दोहन का अधिकार दिया जायेगा;

(च) यदि हां, तो इसके लिए क्या-क्या शर्तें निर्धारित की गई हैं ; और

(छ) यह कार्यक्रम कब से लागू किए जाने की संभावना है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) से (छ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

Amount spent on Advertisement

6646. SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEHMI AFZAL: Will the Minister of MINES be pleased to state: the details of the total amount spent by his Ministry on advertisement given to Newspapers direct of through DAVP etc. during the period 1994-95 (Language-wise)?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): The information is being collected and will be laid on Table of the House.

मध्य प्रदेश में सोना निकालने के लिए विदेशी कम्पनियों के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जाना

6647. **श्री अजीत जोगी** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश में सोना निकालने के लिए कुछ विदेशी कम्पनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) राज्य में किन-किन स्थानों पर सोने के भंडार पाए गए हैं ; और

(घ) विदेशी कंपनियों द्वारा कितनी मात्रा में सोना निकालने का विचार है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) मध्य प्रदेश में रायपुर जिले के सोना खान क्षेत्र में तथा रायगढ़ जिले में इब और मंड नदी घाटी में सोने के भंडार मिलने की सूचना मिली है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Development Activities in Mines in Orissa

6648. SHRI RAHASBIHARI: Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether Government has directed different mines authorities to take up development work of the areas where the mines are located;

(b) if so, the number of iron ore, manganese, limestone and other mines in Keonjhar district, Orissa;

(c) the developmental activities undertaken by the owners of private and public sector mines in the areas where those mines are located; and

(d) the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a), (c) and (d) The information is being collected and will be laid on the the Table of the house.

(b) Number of Mines in Keonjhar district, Orissa as on January, 1995 is as under:—

Mineral	Total No. of Mines
(i) Iron	55
(ii) Manganese . . .	38
(iii) Chromite . . .	4
(iv) Limestone & Dolomite .	1
(v) Pyrophyllite . . .	3
	101